खबर संक्षेप

### विनोद अध्यक्ष और राजेश साहू महामंत्री मनोनीत

**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन के छिंदवाड़ा जिला ईकाई अध्यक्ष अनिल सिंघई द्वारा प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी और जिला व तामिया तहसील के पदाधिकारियों की सहमति से, वर्तमान में तहसील महामंत्री का पदभार सम्हाल रहे श्री विनोद अग्रवाल को तामिया तहसील का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है तथा उनके स्थान पर चांवलपानी निवासी श्री राजेश साहू को तामिया तहसील का महामंत्री बनाया गया है । उक्त जानकारी देते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष जे पी नेमा ने बताया कि तामिया तहसील के सक्रिय समाजसेवी अध्यक्ष श्री भागीरथ जी साहू के आकस्मिक निधन से तामिया तहसील अध्यक्ष का पद रिक्त हुआ था जिस पर उक्त नियुक्ति की गई है । श्री विनोद अग्रवाल और राजेश जी साहू के मनोनयन पर सर्वश्री विजय झांझरी, रमेश जाखोटिया, प्रभुनारायण नेमा, अनिल सिंघई, जे पी नेमा, नीरज भारद्वाज, बृजेश काल्पीवार, नितिन जैन, राजू रीगल जैन सिंगोड़ी, विकास वात्सल्य, धर्मेंद्र साहू, विशाल माहेश्वरी और जिले व तहसील के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां प्रेषित की हैं ।

### लोहारबतरी में किया गया पौधारोपण



**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहारबतरी में शासन के निर्देशानुसार शनिवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया,इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,अभियान प्रभारी विजेन्द्रसिंह दीक्षित,पार्षद बबलू आरगुड़े,बलदेव बोबड़े,रजत वानखेड़े,सरपंच प्रकाश उइके,वरिष्ठ नेता राजू वर्मा,हंसराज साहु,ज्ञानेश्वर देषमुझ,ब्रम्हानंद पन्द्रे,सोनू चौरिया,सचिव रामराव वाकोडे,चैनसिंह डेहरिया सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

नव निर्वाचित सांसद ने जिले की मूल समस्याओं पर तेजी से कार्य करना किया आरंभ, रोजगार बढ़ाना है प्राथमिकता

# सीएम ने 15 औद्योगिक इकाईयों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले में जन्म लिए नवनिर्वाचित सांसद बंटी साहू ने चुनावी वादों पर अमल करना शुरू कर दिया है। अपने जिले में बढ़ती बेरोजगारी को कम करने और युवाओं को रोजगार से लगाने के लिए प्रयासरत है। जिले में औद्योगिक इकाईयां बढ़े और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा 15 नई औद्योगिक इकाईयों का वर्चुअल उद्घाटन किया गया वहीं पुराने और विवादास्पद मुद्दों को शीघ्र हल करते हुए औद्योगिक इकाईयों बढ़ाने के लिए सांसद प्रयासरत है।

सांसद ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में 15 नई इकाइयों में 559.60 करोड़ का लोकार्पण और भूमिपूजन मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्चुअल किया गया है इन उद्योगों के माध्यम से 1450 लोगों को रोजगार के अवसर पैदा होंगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत बनाने और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी के द्वारा प्रदेश को तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने उदबोधन में बताया कि छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र में उद्योगों को बढ़ावा देना उद्योग लगाने के लिए भूमि एवं सुविधाओ की व्यवस्था करना मेरा हर संभव प्रयास रहेगा, जिससे हजारों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा उद्योग लगने से छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। उन्होंने अंत में जिले की जनता द्वारा ऐतिहासिक जीत के लिए आभार प्रकट करते हुए संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कटिबध होने का वचन दिया। इस अवसर पर कलेक्टर अजय देव शर्मा, पूर्व मंत्री नाना मोहोड, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजू परमार एवं सभी उद्योगपति उपस्थित थे। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हस्ते औद्योगिक विकास केन्द्र, खैरीतायगांव - बोरगांव में वर्चुवल के माध्यम से किए गए लोकार्पण एवं भूमिपूजन में मध्यप्रदेश, इण्डस्ट्रीयल, डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अंतर्गत, औद्योगिक विकास केन्द्र खैरी बोरगांव एवं औद्योगिक क्षेत्र लहगडुआ में 559.60 करोड़ की लागत की 15 औद्योगिक परियोजनाओं में मेसर्स एन.डी.पेपर वर्क्स, मेसर्स यू.के.आर इंडस्ट्रीज लि, मेसर्स जीवा आर्गेनिक प्रा लि, मेसर्स जेडीएस ट्रांसफार्मर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स रंगजी फूड प्रोसेसिंग, मेसर्स ऋग्वेद हेल्थ केयर फार्मा प्रा.लि., मेसर्स मे. दिव्य कैलाश फूड्स, मेसर्स केसरिया इंडस्ट्रीज, ऑर्गोसिन्थ केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स गुगनानी इंडस्ट्रीज, मेसर्स आशीर्वाद इंडस्ट्रीज, मेसर्स ए.व्ही.जे.एग्रिको प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल है।

### यूक्रेन की कंपनी 230 करोड़ से लगाएगी एथेनॉल प्लांट

सांसद ने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि सहित न्य सुविधाओं की व्यवस्था करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### सांसद के आव्हान पर आज होगा 11 हजार पौधों का रोपण

**छिंदवाड़ा।** सांसद श्री बंटी विवेक साहू के आव्हान पर 21 जुलाई को आज प्रातः 8.00 बजे कृषि उपज मंडी के पास अजनिया टेकड़ी में 11 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा जिसमें इस अभियान में सभी सामाजिक संगठन के लोग, स्कूल के छात्र, स्काउट गाइड के छात्र, नगर निगम के सभी पार्षद और शहर के सभी गणमान्य नागरिक, प्रशासनिकअधिकारी शामिल होंगे। सांसद श्री बंटी विवेक साहू के आव्हान पर नगर पालिका निगम द्वारा पौध रोपण को लेकर बड़ी तैयारी की गई है और इस अभियान में हर वर्ग के लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि 11 हजार पौधों का रोपण किया जा सके। सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है।

### केन्द्र की सरकार में दिव्यांगों को मिल रहा सम्मान- सांसद

**छिंदवाड़ा।** दिव्यांगों की सेवा करना हम सबका धर्म हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांगो के लिए सम्मान से जीने के लिए बहुत से काम किए हैं। कोई भी दिव्यांग भाई उपकरण से ने छुटे इसका हमें विशेष ध्यान रखना हैं सांसद श्री बंटी विवेक साहू सौंसर और पांढुर्णा में सामाजिक न्याय विभाग व्दारा आयोजित दिव्यांग सहायक उपकरण विकलांग शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने दिव्यांगो को उपकरण वितरित किये। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले कांग्रेस की सरकार में दिव्यांगो को उपकरण नहीं मिलते थे। टूटी फूटी ट्रायसिकल के लिए दिव्यांगो को लड़ना पड़ता था।

## सिहोरा में मोटर साइकिल सवार अज्ञात लुटेरों ने दिया लूट को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

चौरई के सिहोरा में लुटेरों की गैंग ने एक बार फिर लूट की घटना को अंजाम दिया है। अज्ञात लुटेरों ने इस बार तीर्थ यात्रा कर लौट रहे मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों को अपना शिकार बनाया है। बता दें कि चौरई थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 माह के भीतर यह तीसरी लूट है। लगातार हो रही लूट से अब चौरई पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवलिया निशान खड़े हो रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी विशाल मिश्रा शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात लगभग 3 से 4 बजे के बीच गोटेगांव से तीर्थ यात्रा कर लौट थे, तभी सिहोरा के पास 2 मोटरसाइकिल में सवार 4 अज्ञात लुटेरे जो 2 मोटरसाइकिल पर सवार थे उन्हें रोककर उनके पास रखे 28 सौ रुपये नगद एवं मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक लूट की वारदात 2 लोगों के साथ हुई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### आईपीएस कॉलेज से विद्यार्थी कर सकते है बीए डेटा अनालेस्टिक कोर्स

**छिंदवाड़ा।** आट्र्स से 12 वी पास करने बाद विद्यार्थियों के लिए बी ए डेटा अनालेस्टिक या कंप्यूटर में बी सी ए डेटा साइंस करके **msc cs** भी किया जा सकता है, इन सभी विषयों के बेहतर अध्ययन के लिए परासिया रॉड एस ए ऑफ गेट के सामने छिंदवाड़ा में इंदिरा प्रियदर्शिनी महाविद्यालय है। महाविद्यालय दो दशकों से बेहतर शिक्षा के साथ साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि हेतु विद्यार्थियों को विषय अनुसार आवश्यक ट्रेनिंग प्रदान करता है , व्यक्तित्व विकास हेतु **NSS**, नेचर क्लब, रेड रिबन क्लब महाविद्यालय में है इसके अतिरिक्त समय समय पर सेमिनार व व्याख्यान भी कराए जाते है जो विद्यर्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है, आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए सभी प्रकार की शासन द्धरा प्रदान की जाने बाली छात्रवृत्ति सुविधा व अध्यन हेतु विशाल लाइब्रेरी भी उपलब्ध है शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यर्थियों को आधुनिक तकनीको से अवगत कराया जाता है, प्रशिक्षित , योग्य व अनुभवी प्राध्यापकों द्धारा शैक्षणिक कार्य कराया जाता है। वर्तमान में उज्ज्वल भविष्य हेतु आईपीएस कॉलेज का चुनाव बेहतर होगा।

### जिले में अभी तक 381.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 381.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 532.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 20 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 18.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 20 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 4.6, मोहखेड़ में 101, तामिया में 29, अमरवाड़ा में 05, हर्रई में 23.2, बिछुआ में 03, परासिया में 14 और जुन्नारदेव में 22 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 294.1, मोहखेड़ में 596.8, तामिया में 404, अमरवाड़ा में 545.8, चौरई में 370.6, हर्रई में 331, बिछुआ में 427.2, परासिया में 279, जुन्नारदेव में 270.4, चांद में 456 और उमरेठ में 225.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव एवं कार्यपालन यंत्री छिंदवाड़ा ने बताया कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डी.डब्ल्यू.एस.एम.) की बैठक 21 जुलाई 2024 को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### आज विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे सांसद साहू

**छिंदवाड़ा।** सांसद श्री बंटी विवेक साहू आज 21 जुलाई दिन रविवार को विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेंगे, सांसद श्री साहू नगर पालिका निगम द्वारा आयोजित एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रातः 8.00 बजे अजनिया टेकड़ी में पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे, श्री साहू प्रातः 11.00 बजे कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में शामिल होंगे, दोपहर 12.00 बजे गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर जेल बगीचा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, दोपहर 1.00 बजे यज्ञ सेन समाज की जयंती के अवसर पर सांसद श्री बंटी विवेक साहू का गुप्ता समाज द्वारा सम्मान किया जाएगा, उसके उपरांत सांसद मेडिकल कॉलेज के पास टीवी सेनटोरियम परिसर में गुरु पूर्णिमा उत्सव पर कार्यक्रम में शामिल होंगे ।

## कलेक्टर ने राज्यपाल श्री पटेल के भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज 24 जुलाई 2024 को राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड तामिया के ग्रामों में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदी में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को राज्यपाल श्री पटेल के भ्रमण के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में विभिन्न दिशा निर्देश दिये हैं। इसके बाद कलेक्टर श्री सिंह ने राज्यपाल श्री पटेल के तामिया के ग्राम छिंदी में प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत बनाये गये हेलीपैड का निरीक्षण किया। जिसके बाद कलेक्टर श्री सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदी का निरीक्षण करने के साथ ही कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से भविष्य के बारे में चर्चा की एवं मार्गदर्शन दिया। उन्होंने ग्राम छिंदी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्यम परम धनम्-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिन्दी, बाल शिक्षा केंद्र बड्डाढाना छिन्दी एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना तामिया, एकीकृत शासकीय नवीन हाई स्कूल सिधौली में सभा स्थल ग्राउंड और ग्राम पंचायत सिधौली में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के हितग्राही श्री अन्तलाल के आवास का भी निरीक्षण किया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को सौंपे दायित्व**

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के 24 जुलाई 2024 को जिले के विकासखंड तामिया में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कानून एवं सत्कार व्यवस्था के लिये कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है और विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के लिये सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी छिंदवाड़ा श्री के.सी.बोपचे एवं पुलिस अधिकारियों से आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये हैं।

पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

## अमरवाड़ा पुलिस ने हत्या के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

अमरवाड़ा पुलिस ने एक युवक की हत्या के आरोपी को महज चौबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया शशि पति नीलकमल सल्लाम उम्र 25 साल निवासी ग्राम धबई चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा ने जिला अस्पताल छिंदवाड़ा में रिपोर्ट लेख कराई कि आज दिनांक 17/07/24 को करीबन 08/00 बजे मेरे पति नीलकमल संजू के घर मजदूरी के पैसे माँगने गए थे,कुछ देर मे मुझे झगड़े की आवाज सुनाई दी तो मैं और मेरा देवर उ मे श दौड़कर गए तो देखे कि संजू अपने घर के सामने मेरे पति के साथ झगड़ा कर रहा था और गंदी गंदी माँ बहन की गालिया बककर कहने लगा कि तूने मेरे हिस्से के पैसे क्यों लिया और संजू भलावी ने जान से मार देने की नीयत से वही पड़ा पत्थर उठाया और सिर पर वार किया जो मेरे पति नीलकमल के सिर में बाई तरफ चोट लगकर घाव हो गया हैं मेरे पति वही गिर गये थे जिन्हें ईलाज हेतु जिला अस्पताल लेकर आये हैं जो प्रार्थियां की रिपोर्ट पर चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा में अपराध क्रमांक 460/24 धारा-109(1),296 भारतीय न्याय. संहिता 2023 का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं घायल नीलकमल पिता जगदीश सल्लाम 26 साल निवासी ग्राम धबई चौकी सिंगोड़ी को ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा भेजा गया था जिसकी ईलाज के दौरान दिनांक 18.07.2024 को मृत्यु हो गई। जिस पर से मामलें में धारा 103 भारतीय न्याय संहिता 2023 बढाई जाकर विवेचना की गई। मामले की अग्रिम विवेचना हेतु पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्री मनीष खत्री व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ए.पी. सिंह द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। प्राप्त निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अमरवाड़ा श्री रवीन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में थाना अमरवाड़ा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी संजू भलावी की तलाश पतासाजी कर आरोपी को दिनांक 19.07.2024 को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा विवेचना में पाया गया कि मृतक नीलकमल सल्लाम तथा आरोपी संजू भलावी के बीच मजदूरी के पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ और उसी विवाद के चलते आरोपी संजू भलावी ने आवेश में आकर पत्थर से मृतक के सिर में घातक (गंभीर) चोटें पहुंचाई जिसके कारण नीलकमल सल्लाम की ईलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी संजू भलावी को न्यायालय पेश किया जाकर न्यायालय आदेश से उप जेल अमरवाड़ा दाखिल किया गया है।



**मृतक:-** नीलकमल पिता जगदीश सल्लाम 26 साल निवासी ग्राम धबई चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा **आरोपी:-** संजू पिता राहेलाल भलावी उम्र 24 साल निवासी ग्राम धबई चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ाअपराध क्रमांक एवं **धारा:** अपराध क्रमांक 460/24 धारा-109(1), 296, 103 भारतीय न्याय. संहिता 2023 **भूमिका:-** निरी. राजेन्द्र धुर्वे, उपनिरी. अविनाश पारधी, प्र.आर.हरिप्रसाद उइके, पीयूष यादव सहित पूरी टीम का सहयोग रहा।

### स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**बिछुआ ।** बिछुआ नगर के झामटा में एक मात्र सीबीएसई स्कूल मान्यता प्राप्त आई टी इंटरनेशनल स्कूल में तीन सौ बालक बालिका एवं दो सौ पालक गण के सहयोग से धूम धाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव मध्यप्रदेश के स्कूलों में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने को लेकर जारी एक आदेश से सरकार ने 20 और 21 जुलाई को स्कूलों में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने का आदेश जारी किया है इस आदेश के तहत प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 20 जुलाई को स्कूल-कॉलेजों में प्रार्थना सभा, गुरु-शिष्य संस्कृति पर प्रकाश और निबंध लेखन पेंटिंग कविता आयोजित की गई वीणा वादिनी मां सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया गया तथा विद्यालय द्वारा पेरेंट्स मीटिंग रखी गई संस्थापक गोवर्धन बोबडे, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्री 1008 वैभव अलोनी महाराज,संचालक श्रीमती पूजा बोबड़े ,स्कूल के प्रिंसिपल ऐ के पाण्डे, एकता प्रेस क्लब के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन मंत्री हेमराज मांडेकर उपस्थित रहे।

### 22 जुलाई से 8 अगस्त तक रोजगार शिविर

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा जिले के विकासखण्डों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वर्धमान यार्नस् लिमिटेड सतलापुर मण्डीदीप जिला रायसेन (म.प्र.) द्वारा रोजगार शिविर का आयोजन 22 जुलाई से 08 अगस्त 2024 तक प्रातः 11 से दोपहर 03 बजे तक किया गया है। म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक छिंदवाड़ा सुश्री रेखा अहिरवार द्वारा सभी विकासखण्डों के विकासखण्ड प्रबंधकों को निर्देश दिये गये हैं कि अपने विकासखण्ड के सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार शिविरों की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें जिससे बेरोजगार युवक-युवतियां रोजगार शिविर में शामिल हो सकें ।

## ओलंपिक ग्राउंड खेल परिसर में बनी कार्यक्रमों की रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

ओलंपिक स्टेडियम में 20 जून को सभी खेल संघों के पदाधिकारियों की विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें जिले के नवागत सांसद विवेक बंटी साहू सांसद लोकसभा एवं शेषराव यादव जिला भाजपा अध्यक्ष का भव्य सम्मान समारोह आगामी दिनों में ओलंपिक ग्राउण्ड खेल परिसर में किया जावेगा कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने हेतु खेल प्रमोटर इंद्रजीत सिंह बैस की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई । इस अवसर पर विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों द्वारा विचार विमर्श कर सुझाव दिए गए खेल संघ के अजय ठाकुर ,रविकांत अहिरवार ,अनिल जैन, संदीप मालवीय, जावेद खान,विक्रांत यादव,हरीश खंडेलवाल,लतीफ खान, विक्रांत अहिरवार ,अनिल शर्मा, तरुण विश्वकर्मा, विनय चंदेल, श्रीमती किरण पॉल,शिव राव पवार,पूजा तिवारी,राजा बुनकर, अज़हर खान,अरविंद गिरित कर ,शारिक सिद्दकी उपस्थित रहे।

## परासिया बीएमओ के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

महिलाओं के साथ करता है अश्लील हरकतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



समाज में डॉक्टर को भगवान के समान दर्जा दिया गया है। समाज में बेहद इज्जत और सम्मान के साथ उनके पद को गरिमामय माना जाता है। परंतु ऐसे गरिमामय पद पर बैठकर कोई चिकित्सक अगर महिलाओं के साथ बदनीयती से दुव्यर्वहार करें तो ऐसे चिकित्सक को कठोर दंड देना ही चाहिए। ऐसे ही एक चिकित्सक का मामला इन दिनों सुर्खियों में आया है जहां पर दर्जनों हरकतें करने के बाद दो दिन के अंदर दो महिलाओं ने हिम्मत करते हुए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

डॉक्टर प्रमोद वाचक वर्तमान में परासिया बीएमओ के पद पर कार्य कर रहे है जिसकी शिकायत एक महिला ने की है। महिला की शिकायत पर थाना कोतवाली छिंदवाड़ा में 354, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके पूर्व भी वाचक द्वारा एक महिला डॉक्टर को विशेष सर्विस मांगने के एवज में एक महिला चिकित्सक ने एफआईआर दर्ज कराई है।

यह डॉक्टर अपनी अश्लील हरकतों की पराकाष्ठा के बाद भी अपने पद पर बना हुआ है। पूरे जिले में इस डॉक्टर को लेकर तरह तरह की बातें विरोध स्वरूप कहीं जा रही है। महिला डॉक्टर और नर्सों के साथ अश्लील डिमांड करने वाले इस डॉक्टर का न तो कहीं तबादला किया गया और न ही उसे पद से हटाया गया। डॉक्टर द्वारा कई महिलाओं के साथ हरासमेंट और अश्लील डिमांड की शिकायतें तो है परंतु थाने तक पहुंचने की हिम्मत कुछ महिलाओं ने उठाई है हो सकता है आने वाले सप्ताह में ऐसी बहुत सी महिलाएं सामने आ सकती है जो इस डॉक्टर को सलाखों के पीछे भेज सकती है। शहर के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ समाजसेवियों ने इसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी प्रशासन को दी है।

खेल परिसर में बन रही बाउंड्रीवॉल में जलभराव के कारण बनी स्थिति

## जनजातीय विभाग के ठेकेदार की लापरवाही से गिरी थाने की बाउंड्रीवॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



आज सुबह तामिया में हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया और नदी नाले उफान पर आ गए जगह जगह दीवारें गिरने की खबरें आने लगी। नदी नालों का पानी सड़क के ऊपर आने के कारण दादा धूनी वाले मंदिर के आगे यातायात बाधित हुआ। वही सरकारी निर्माण करने वाले जनजातीय विभाग के ठेकेदार ने अनावश्यक रूप से वनाई गई खेल परिसर कंपाउंड मैं पानी भर गया पानी का दबाव तामिया थाने की बाउंड्री वॉल सहन नही कर पाई और भरभरा कर गिर गई इस गिरी कंपाउंड बाल से खेल परिसर में किए जा रहे निर्माण की तकनीकी खामियां उजागर हुई। ठेकेदार ने थाने की बाउंड्री वॉल पर दीवार खड़ी कर दी जिससे बाउंड्री वॉल पर वजन बढ़ गया और खेल परिसर के सामने जो कंपाउंड वॉल का नया निर्माण अनावश्यक रूप से किया गया जिसमें पानी निकासी नही होने के कारण पूरे कंपाउंड में जल भराव हुआ। इसके नतीजे के रूप मै थाने की बाउंड्री बाल का हिस्सा भरभरा कर गिर गया। तामिया खेल परिसर में अनावश्यक रूप से बनाई गई दीवार ने खेल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में उप यंत्रि के तकनीकी ज्ञान पर भी सवाल कर दिए कि आखिर कंपाउंड में पानी निकास नही हो पाया।

इसके कारण थाना की दीवार इनकी गलती से वरषो पूर्व बनी हुई गिर गई। आखिर इस थाने की दीवार गिरने के लिए जनजाति विभाग छिंदवाड़ा क्यों ना जिम्मेदार माना जाए!कि पानी निकासी की बात का ध्यान नहीं रखना थाने की दीवार गिरने के रूप में सामने आया।

## बोरगांव में सांसद बंटी साहू ने किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# औद्योगिक इकाइयों में क्षेत्रीय युवाओं को मिले रोजगार: सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,ने वर्चुअल के माध्यम से सासद बंटी साहू,विधायक विजय चौरे,पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड की प्रमुख उपस्थिति में औद्योगिक विकास केन्द्र खैरीतायगांव-बोरगांव में लोकार्पण भूमिपूजन किया। मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अंतर्गत, औद्योगिक विकास केन्द्र खैरी बोरगांव एवं औद्योगिक\क्षेत्र लहगडुआ में रू. 559.60 करोड़ की लागत की 15 औद्योगिक परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ है। इस अवसर अतिथि सांसद विवेक बंटी साहू आयोजन को संबोधित करते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों में कंपनी प्रबंधकों का प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक सौसर पांढुर्णा और छिंदवाड़ा जिले के लोगों को रोजगार इस क्षेत्र दिया जाए। साथ ही कंपनियों से निकलने वाले दूषित पानी की शिकायतें प्राप्त हो रही है उसके लिए इस क्षेत्र में फिल्टर प्लांट लगाकर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।इस दौरान पांढुरना कलेक्टर अजय देव शर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते पूर्व जिला अध्यक्ष राजू परमार, बोरगांव इंडसट्रियल एसोसिएशन जोतेंद्र पटेल,सहज पटेल उद्योगपति मोहन ताजने आदि उपस्थित थे।

### दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा का आयोजन



**जुन्नारदेव।** शासकीय शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल जुन्नारदेव मुख्यमंत्री जी के द्वारा दिए गए निर्देशनुसार दिनांक 20 जुलाई 21 जुलाई 2024 को दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्रार्थना सभा के बाद सभा स्थल पर शिक्षक शिक्षाओं द्वारा गुरु पूर्णिमा का महत्व एवं गुरु शिष्य संस्कृति पर अपने विचार छात्राओं के समक्ष रखे गए और 4 काल खंड पश्चात छात्राओं को निबंध लेखन कराया गया था दिनांक 21 जुलाई 2024 को शाला में मां सरस्वती पूजन गुरु वंदना एवं दीप प्रज्वलन एवं माल्याअर्पण किया जाएगा इसके पश्चात गुरु जन एवं शिक्षाओं का सम्मान किया जाएगा तथा शिक्षक शिक्षा एवं विद्यार्थियों द्वारा गुरु संस्मरण पर भाषण होगा गुरु पूर्णिमा उत्सव के कार्यक्रम के सुभ अवसर पर शाला की प्रभारी सरिता सिंह ,खालिदा कुरेशी अनिल साहू अजय नागेश्वर मीना पवार अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

## छिंदीकामथ शक्ति केंद्र में भाजपा ग्रामीण मंडल दमुआ कार्यसमिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा ग्रामीण मंडल दमुआ के छिंदीकामथ शक्तिकेंद्र में कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के सांसद विवेक बंटी साहू की बड़े अंतर से जीत को लेकर आभार व्यक्त किया गया। मालूम हो कि ग्रामीण मंडल दमुआ ने अपने क्षेत्र में 5,718 वोटो से सांसद विवेक साहू के लिए जीत दर्ज कराई । इस बड़ी जीत पर लोक सभा के लिए दायित्ववान बने भाजपा जिला संयोजक योगेश साहू ने भी आभार जताया। इस दौरान शक्ति केंद्र पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज भौरे, जनपद अध्यक्ष सविता बोसम, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राखी पाटिल, किमो जिला महामंत्री सिपतराम यदुवंशी, सरपंच रामभऊ कुड़ापे, दीपक डेहरिया, शिवराज वरकड़े, उर्मिला यादव, सुरेश यदुवंशी, मतर दर्शमा, अनिल आरसे, मुकेश बचले, मंगलू यदुवंशी, डबलू यदुवंशी सहित वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सांसद की मौजूदगी में हुआ हितग्राहियों को 70 सहायक उपकरणों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को जनपद पंचायत सौसर की और से नगर के अन्नाभाऊ साठे भवन सौसर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एडिप योजना के अन्तर्गत निःषुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बंटी साहू, विधायक विजय चौरे,पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड, जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़, जनपद पंचायत अध्यक्ष संदीप भुते, जनपद उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे,सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इन्द्ररचन्द डागा नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे,एसडीएम सिध्दार्थ पटेल, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित चौधरी,थे। आयोजन के दौरान एडिप योजना के अन्तर्गत कुल 42 लाभाधीयों को चिन्हित किया गया था। इन लाभार्थीयों को लगभग पांच लाख पैतीस हजार नौ सौ इकावन मूल्य के 70 सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर के दौरान हितग्राहियों को 6 बैटरी ऑपरेटेड मेटराईज्ड ट्राईसाइकिल,11 ट्राईसाइकिल,6 व्हील चेयर,3 इलेक्ट्रॉनिक छडी (सुगम कैन),8 बैसाखी 14 वाकिग स्टीक1 स्मार्ट फोन,16 श्रवण यंत्र,5 कत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण का वितरण किया गया।शिविर में समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी चंद्रशेखर गोहिया, खंड पंचायत अधिकारी सुभाष ठाकरे, डी. आर. आनेराव, दीपक कुमार,सौरभ निश्रा, पंचलाल चन्द्रवंशी,मोतिराम ठाकरे,सचिव योगेश भद्रे, राजेन्द्र गोलाईत सुधीर राउत, निलकंठ प्रावनकर, सावल बेन्डे, नितिन कडु, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव योगेश भद्रे आभार प्रदर्शन समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी चारदशेखर गोहिया ने किया।

## नगर पालिका के वार्डों में बढ़ रहा है गाजर घास का प्रकोप



**दमुआ।** नगर पालिका परिषद दमुआ के समस्त वार्डों में गाजर घास का प्रकोप बढ़ गया है बरसात के दिनों में गाजर घास अत्यधिक तेजी से फैल रही है जिसने वार्ड की गलियों और आंगनबाड़ी केंद्र स्कूलों पर अपना कब्जा कर रखा है गाजर घास के कारण मच्छर मक्खी कीड़े मकोड़े अपना आतंक मचा रहे हैं मच्छरों के कारण डेंगू मलेरिया जैसी घातक बीमारियों का वार्ड वासियों पर खतरा मंडरा रहा है परंतु नगर पालिका प्रशासन द्वारा इन्हें हटवाया या उनकी साफ-सफाई बिल्कुल भी नहीं की जा रही है और बरसात के दिनों में गंदगी बढ़ने से बीमारी का खतरा भी बढ़ गया है नगर पालिका के समस्त वार्डों में कचरा वाहन घरों घर जाता है परंतु वार्ड वासी खुले में ही कचरा फेंक देते हैं जिसके कारण गंदगी बढ़ रही है खुले में गंदगी को बढ़ने से रोकने के लिए प्रशासन को उचित कदम उठाए जाने चाहिए जिससे कि गंदगी पर रोक लगाया जा सके

# सांई मंदिर में हो रहे हैं गुरु पूर्णिमा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के नागपुर मार्ग गावड़े कॉलोनी मे कॉलोनी में श्री साई सद्‌गुरु समिति सौंसर की ओर से तीन दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भगवान साई बाबा के प्रतिमा पूजन के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। समिति से मिली जानकारी के अनुसार गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री साई चरित्र पारायण एवं गुरुपूजन का आयोजन किया गया है। शनिवार को पूर्णिमा महोत्सव शुभारंभ अवसर पर साईबाबा का मंगल स्नानआरती,श्री गुरुचरित्र पारायण प्रारंभ के साथ किया गया। रविवार को सुबह साढ़े 6 बजे रूद्राभिषेक श्री उपासनी गोदावरी स्वाध्याय कन्या संस्कार केन्द्र,पारायण समाप्ती पश्चात आरती,, शाम 4 बजे नगर भ्रमण के लिए साई पालखी,निकाली जाएगी। 22 जुलाई सोमवार को हवन एवं पूजन के साथी दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे शाम 4 से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### वरिष्ठ नागरिकों को सरकार दें सुविधाएं

**जुन्नारदेव** : सांसद जया बच्चन ने बुजुर्गों को लेकर संसद में जो मुद्दा उठाया है वह एकदम गम्भीर एवं सटीक है। उक्ताशय के विचार आयुर्वेदाचार्य (गुरुजी) डॉक्टर टाटा ने चर्चा के दौरान व्यक्त की उन्होंने बताया कि सांसद महोदय ने मांग रखी कि वरिष्ठ नागरिकों को 60 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को पेंशन दी जानी चाहिए। रेलवे, बस और हवाई यात्रा में रियायत।सभी के लिए अंतिम सांस तक बीमा अनिवार्य होना चाहिए और प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाना चाहिये। वरिष्ठ नागरिकों के न्यायालयीन मामलों को जल्दी निर्णय के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सभी सुविधाओं के साथ हर शहर में वरिष्ठ नागरिकों के घर होना चाहिए।आगे डा. टाटा ने कहा कि इस बात को ध्यान में रख पूरे देश से आवाज उठनी चाहिये।जब पर्याप्त दबाव बनेगा, तब ही सरकार सुनेगी, और सरकार ने सुनी एवं इस दिशा में कुछ किया तो सभी का फायदा है। उन्होंने कहा कि नेताओं के साथ ऐसा नहीं है सांसद विधायक के साथ ऐसा नहीं होता है।उन्हें अच्छा जीवन देने पेंशन अन्य आवश्यक लाभ सभी प्रदान किये जाते हैं।आगे डॉक्टर टाटा ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति का जीवन 65-70 वर्ष से ऊपर जा रहा है, तो सरकार को इसके लिये कुछ करना चाहिये। ताकी लोग अच्छा जीवन जी सके।

## छात्र-छात्राओं ने भौतिकी व अंग्रेजी के शिक्षक नहीं होने की समस्या से विधायक को कराया अवगत

# खैरलाँजी सीएम राइज स्कूल का विधायक पटेल ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल ने शुक्रवार को खैरलाँजी पहुंच कर सी एम राइज स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों और संसाधनों को बारीकी से देखने के साथ विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता की जानकारी ली। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने प्रत्येक कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं एवं पठन-पाठन से संबंधित जानकारी ली।

### दो भाग में विद्याध्ययन से हो रही परेशानी से प्राचार्य ने कराया अवगत

इस मौके पर प्राचार्य एस के सहारे ने विधायक को बताया कि कक्षा एक से इंटर तक पढ़ाई के लिए कोड आवंटित हैं, इसके अनुरूप शिक्षकों की विद्यालय में बेहद कमी हैं। इन कमियों को शीघ्र दूर किया जाना आवश्यक हैं। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल का नया भवन निर्माणाधीन होने के कारण दो भागो में स्कूल संचालित किया जा रहा हैं। जिसके कारण हमें कुछ परेशानिया उठानी पड़ रही हैं। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल ने जल्द ही सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

### छात्र-छात्राओं को भौतिकी और अंग्रेजी पढ़ाने नहीं हैं शिक्षक

विधायक विवेक विक्की पटेल ने विद्यार्थियों से उनकी कक्षाओं में जाकर उनसे चर्चा की और उनसे स्कूल में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर विद्यार्थियों ने उन्हें बताया कि कक्षा 11 वीं और 12 वीं में पढ़ाने के लिए भौतिकी और अंग्रेजी के शिक्षक नहीं हैं। जिससे उन्हें इन विषयों की पढ़ाई में दिक्कत हो रही हैं। जिस पर विधायक ने उन्हें जल्द ही इन विषयों के शिक्षकों की पूर्ति करवाने का आश्वसान दिया।

जिसके बाद विधायक श्री पटेल ने अधिकारियों व स्कूल के प्राचार्य के साथ नए बन रहे विद्यालय भवन का निरीक्षण किया और संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ ही तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि सभी विद्यार्थियों को एक ही छत के नीचे पढ़ाई की सुविधाएं मिल सके। उन्होंने भवन निर्माण एवं पढ़ाई के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उन्हें तत्काल अवगत कराने की बात कही।

### सीएम राइज स्कूल में शिक्षकों को लाने करेंगे प्रयास-विवेक पटेल

विधायक श्री पटेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने खैरलाँजी के सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूल में छात्र-छात्राओं ने भौतिकी और अंग्रेजी के शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई में हो रही दिक्कत से अवगत कराया हैं। जिसका वे शीघ्र समाधान करने के लिए शासन स्तर पर प्रयास करेंगे। ताकि विद्यालय में शीघ्र इन विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति हो और बच्चों को हो रही परेशानी दूर हो।

## अर्जुनटोला और नया टोला के बच्चों में दिख रहा प्रभाव

# फ्लोराइड युक्त पानी बिगाड़ रहा दांतों की चमक

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत चाकाहेटी के अर्जुन टोला और नया टोला के बच्चे, खासतौर से युवतियां और महिलाएं खिलखिला कर हंसने और मुस्कुराने से परहेज करती है. वजह, इनके दांतों का पीलापन है. दांतों में यह पीलापन फ्लोराइड युक्त पानी का लगातार सेवन करने से आने की बात कहीं जा रही है. अर्जुन टोला और नया टोला के ग्रामीणों के दांतों की चमक गायब ही हो गई है. अनुमान है कि भूजल में फ्लोराइड का स्तर तय सीमा से अधिक होने की वजह से ऐसा हो सकता है. फिलहाल हम अपनी तरफ से इस बात की पुष्टि नहीं कर सकते लेकिन ग्रामीणों के दांतों की दशा को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और स्वास्थ्य विभाग को इन गांवों की तरफ ध्यान देने की जरूरत है. पीएचई विभाग के उपयंत्री विनोद कुमरे से इस पूरे मामले को लेकर चर्चा की उन्होंने बताया कि पानी की नियमित तौर पर जांच करवाई जाती है. जिन हैड़पंपों में दिक्कत थी उन्हें बंद करवा दिया गया है फिर भी पानी की जांच करवाई जाएगी. उन्होंने बताया कि अर्जुन टोला में जल जीवन मिशन योजना शुरू है. इस योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है. बताया जा रहा है कि फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या से निपटने के लिए गांव में एक-दो लोगों ने अपने घरों में आरओ भी लगाया. मगर, यह उपाय भी कारगर साबित नहीं हो पाया है. जानकार बताते है फ्लोराइड एक तीव्र विष है, जिसकी रेटिंग सीसे से थोड़ी अधिक है. अर्जुनटोला और नयाटोला के बच्चों और ग्रामीणें के दांतों की स्थिति बताती है कि इन गांवों के भूजल में फ्लोराइड की अस्वास्थ्यकर मात्रा की उपस्थिति है. जो कि एक चिंताजनक विषय है। जैसा कि फ्लोराइड के दैनिक सेवन से किसी भी व्यक्ति को 40 वर्षों के बाद हड्डी से जुड़ी बीमारी यानी व्यक्ति अपंग हो सकता है. अत्यधिक फ्लोराइड कई बीमारियों का कारण बनता है, जैसे ऑस्टियो पोरोसिस, गठिया, भंगुर हड्डियां, कैंसर, महिलाओं में बांझपन, मस्तिष्क क्षति, अल्जाइमर रोग और थायराइड विकार जैसी बीमारी हो सकती है. दूसरी तरफ पीएचई विभाग के अनुसार भूजल के जिन स्रोतों में फ्लोराइड स्तर तय सीमा से बहुत ज्यादा है, उन्हें लाल रंग से चिह्नित किया गया है और उन्हें पीने के लिए उपयुक्त नहीं मानते हुए चिन्हित किया गया है. स्थानीय लोगों को भी इस बारे में जागरूक किया जाता है कि वह इस पानी का पीने के लिए उपयोग न करें. इसलिए कई स्रोतों को बंद कर दिया गया है हालांकि ऐसे पानी का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है. इसलिए कुछ जगह ग्रामीणों की मांग पर ही हैड़पंप चालू है। अर्जुन टोला और नया टोला की युवतियों ने बताया कि दांतों का पीलापन शर्मिंदगी की एक बड़ी वजह बन गया है. स्कूल में वह दोस्तों के साथ खुलकर बात तक नहीं कर पाती. दांतों के पीलेपन ने उनके आत्मविश्वास को कमजोर कर दिया है. इन दोनों ही गांवों के ग्रामीणों के अनुसार उनके गांव में बच्चों को छोड़ सभी आयु वर्ग के लोगों में दांतों का पीलापन की समस्या है. अर्जुन टोला और नया टोला स्कूल में पीने के पानी के लिए हैड़पंप है जिनमें फ्लोराइड युक्त पानी आने के कारण बंद कर दिया गया. इनके स्थान पर बोर बनाएं गए लेकिन यह भी अनुपयोगी ही साबित हो रहे है. बच्चे अपने घरों से पीने का पानी लाते है. खैर, अर्जुन टोला और नया टोला की समस्या बेहद गंभीर है और इस पर गंभीरता से ही विभागीय अफसरों को काम करने की जरूरत है. तभी इन गांवों के लोगों के जीवन में शर्मिंदगी का भाव पैदा करने वाली इस बीमारी से निजात मिल सकता है।

# साकेत पब्लिक स्कूल में मनाया गया गुरूपूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज लांजी।



शनिवार 20 जुलाई को स्थानीय साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में गुरूपूर्णिमा का पर्व विद्यालय के संचालक संतोष मोरघडे के मुख्य आतिथ्य में तथा प्राचार्य महेंद्र कुमार दुरूगकर एवं प्रधानपाठिका श्रीमती नेत्रेश्वरी डाँ किशोर सोनवाने की अध्यक्षता में किया मनाया गया । जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर सरस्वती वंदना एवं गुरू वंदना के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात विद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन कर संस्था के प्राचार्य श्री महेंद्र कुमार दुरूगकर द्वारा गुरू के महत्व तथा पारंपरिक गुरू शिष्य की परंपरा के संबंध में छात्र छात्राओं को जानकारी दी इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष मोरघड़े द्वारा प्राचीनकाल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं भारतीय संस्कृति पर होने वाले प्रभाव को लेकर छात्र छात्राओं से चर्चा किया तथा अपने विचारों के माध्यम से गुरू पूर्णिमा के महत्व को समझाया इसके पश्चात गुरूकुल व्यवस्था का भारतीय संस्कृति पर प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका, सत्येंद्र मुरकुटे, निर्मल सिंह सोलंकी, कोमलप्रसाद ठाकरे, किरणकुमार रामावत, आकाश पिपरे, निश्चल दोनोड़े, थानेश बनोठे, टुपेश चौहान, श्रीमती सुरभी मिश्रा, श्रीमती विनिता मोरघड़े, श्रीमती लता मुरकुटे, श्रीमती अनिता दहीकर, श्रीमती ज्योति परिहार, श्रीमती संगीता नाईक, श्रीमती मंजु कश्यप, श्रीमती भुनेश्वरी गव्हारे, श्रीमती मोनिका मेश्राम, श्रीमती शजल सातपुते, श्रीमती ममता महेश्वरे, श्रीमती सुषमा कंकरायने, श्रीमती मुक्ता सोमनकर, श्रीमती दीपा बोपचे, श्रीमती दीपिका शेंडे, कु. संध्या बिल्हारें, प्रीति कचवाहे, नीलोफर खान, सलोनी तिवारी,

# वन सुरक्षा समिति पीपलगांव खुर्द के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन संपन्न

## 420 मत प्राप्त कर कन्हैयालाल पंचाले निर्वाचित हुए अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शनिवार 20 जुलाई को वन सुरक्षा समिति पीपल गांव खुर्द के अध्यक्ष पद का निर्वाचन अध्यक्ष श्रीमती सविता युवराज पंचाले, सरपंच ग्राम पंचायत पीपलगांव (खुर्द) की अध्यक्षता में निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से संपन्न करवाई गई। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु उम्मीदवार कन्हैयालाल पिता दशरिया पांचाले के बरगद के पेड़ तथा दूसरे प्रत्याशी गंगाराम पिता राजाराम पंचाले के चुनाव चिन्ह हस्त चलित हैंडपंप निशान था, जिसमें कुल 671 मत पड़े। निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्याशी कन्हैयालाल दशरिया पंचाले को 420 तथा दूसरे प्रत्याशी गंगाराम पिता राजाराम पंचाले को 231 मत प्राप्त हुए एवं 20 मत पत्र निरस्त हुए। इस प्रकार कन्हैयालाल पांचाले पिता दशरिया पंचाले 80 मतों से विजयी हुए। वन सुरक्षा समिति पीपलगांव (खुर्द) के अध्यक्ष पद का निर्वाचन वन परिक्षेत्र अधिकारी नेहा घोड़ेश्वर पश्चिम लांजी सामान्य के निर्देशन में किया गया। जिसमें श्यामलाल चिचले उपवन क्षेत्र अधिकारी, संजय विश्वकर्मा वनपाल, अमोल धुर्वे वनपाल, श्रीमती इंदिरा गर्ग वनपाल, संतोष गज्जाम वनपाल,अमरनाथ नंदा वनरक्षक, विशाल आसटकर वनरक्षक, अमरदीप गजभिए वनरक्षक, उमेंद्र सिंह सोलंकी वनरक्षक, श्रीमती संगीता कोकोड़े वनरक्षक, कुमारी प्रियंका रामटेके, विवेक बांसोड, कुलदीप मंडले वनरक्षक, कन्हैयालाल गायकवाड वनरक्षक, नेमेंद्र मलघाटी वनरक्षक, काशीराम हेनोट वनरक्षक, संजय दुरुक्कर वनरक्षक, भूपेंद्र देवांगन वनरक्षक, राजेंद्र नाथ बडगूजर वनरक्षक, विभूति नाथ झा वनरक्षक, अभिषेक सोनी एवं अन्य वन अमले की उपस्थिति में चुनाव संपन्न कराया गया।

## तहसील विधिक सेवा समिति ने किया पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** पंच-ज अभियान के तहत तहसील विधिक सेवा समिति कटंगी ने व्यवहार न्यायालय और तहसील परिसर में शनिवार को पौधारोपण किया. मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय दिनेश चंद्र थपलियाल एवं सचिव माननीय सुरेन्द्र सिह गुर्जर के मार्गदर्शन पर तहसील विधिक सेवा समिति कटंगी अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुधा पाण्डेय,



अधिवक्ताओं और न्यायालयीन कर्मचारियों ने मिलकर पौधारोपण किया. विधिक सेवा समिति के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के दिन से लेकर स्वतंत्रता दिवस तक 72 दिवसीय प्रदेशव्यापी पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है. जिसे पंच-ज अभियान का नाम दिया गया है. पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पौधारोपण बेहद महत्वपूर्ण कदम है. इसे ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है. पौधारोपण के दौरान अधिवक्तागण आनंद टेम्भरे, जितेन्द्र ठाकुर, टोपेश ठाकरे, राजकुमार नंदागौरी, लकेश गौतम, न्यायिक कर्मचारी हितेन्द्र गढ़पाल, टेकराम राहंगडाले, राजेश कड़व, देवेन्द्र ठाकरे, मुरलीधर गौतम, उमेश भगत, श्रीमती वीणा पटले, श्रीमती पुष्परेखा हिरकने, श्रीमती हेमलता चौधरी, मधु नागेश्वर, समीर बिसेन, बसंत टेंभरे, मुकेश उके, सना खान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धूमा में हुआ पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद कुलस्ते का आगमन

**हरिभूमि न्यूज धूमा।** धूमा में साहू समाज के द्वारा प्रस्तावित मां कर्मा देवी के नाम से मुक्ति धाम में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम एवं भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्य समिति की बैठक में मंडला संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद कुलस्ते जी तेलगानी संघ एवं साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष रवीकरण साहू जी का धूमा आगमन हुआ इस अवसर पर क्षेत्र साहू समाज एवं मंडल क्षेत्र से आए हुए प्रमुख कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए माननीय क्षेत्रीय यशस्वी सांसद महोदय ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया एवं माननीय मोदी जी द्वारा केंद्र की योजनाओं का बखान करते हुए अपने कार्यकर्ताओं को जानकारी दी क्षेत्र में स्वीकृत समस्त बड़ी परियोजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए सरकार की जनहितकारी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र दिया

# गूरू पूर्णिमा पर सांईपुरम में आज होंगे विविध कार्यक्रम

**गुरू का स्थान सनातन धर्म में भगवान से भी उपर रखा गया है इसीलिए कहा गया है ''गुरू ही ब्रम्हा है, गुरू ही विष्णु है एवं गुरू ही साक्षात शिव है।'' गुरूओं को नमन करने का पावन दिवस गुरू पूर्णिमा पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन आज 21 जुलाई 2024 को नगझर स्थित सांई पुरम सांई मंदिर में किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।




सुबह 07.00 बजे बाबा मंगल स्नान सम्पन्न होगा। इसके पश्चात प्रातः 09.00 बजे बाबा का दुग्ध अभिषेक प्रारम्भ होगा जिसके लिए सभी भक्तगण अपने-अपने घरों से दूध लाकर स्वयं बाबा का अभिषेक करेंगे। इसके पश्चात दोहपर 12.00 बजे बाबा की मध्यान्ह आरती सम्पन्न होगी। दोपहर 02.00 बजे से सांई गीता मंडल एवं सांई पुरम भक्त मंडली के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। सायं 07.00 बजे बाबा की महा मंगलमयी धूपारती प्रारम्भ होगी जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भक्तजन उपस्थित रहेंगे। रात 10.00 बजे शेजारती के साथ ही गुरू पूर्णिमा उत्सव का समापन होगा।

### पौधा एक्सचेंज कार्यक्रम को मिल रहा भरपूर समर्थनः

बाबा सांईनाथ का पर्यावरण एवं पेड-पौधों के प्रति असीम लगाव था, वे स्वयं अपने हाथों से पौधों को लगाकर उनका पालन पोषण किया करते थे जिसके फलस्वरूप उन्होंने शिरडी में लैंडीबाग नाम के एक बडे बगीचे का निर्माण भी किया था। बाबा की पर्यावरण के प्रति इसी सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए सांई पुरम सांई गीता मंडल की प्रमुख श्रीमति संगीता मालू द्वारा विगत 1.05 माह से पौधा एक्सचेंज कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसे आम जनमानस में भरपूर प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत दो व्यक्ति एक दूसरे को पौधा उपहार स्वरूप दे रहे हैं। सांई पुरम मंदिर में भी गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पौधा एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस हेतु सभी भक्तजनों से निवेदन है, कि पांच-पांच पौधे वे सांई पुरम लेकर आएं एवं एक दूसरे को उपहार स्वरूप देकर पर्यावरण संरक्षण हेतु सांई पुरम द्वारा किए जा रहे प्रयासों में भागीदार बनें। अपने साथ लाए इन पौधों का रोपण सांई पुरम प्रांगण में भी किया जा सकता है जिसके लिए स्थान की सूचना गुरू पूर्णिमा के दिन पृथक से दी जायेगी।

### श्री महावीर व्यायामशाला में गुरुपूर्णिमा पूजन आज



सिवनी . सिवनी जिले की गौरवमयी संस्था श्री महावीर व्यायामशाला संगठन सुभाष वार्ड में परम्परा के अनुसार गुरुपूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में पूजन 21 जुलाई रविवार को शाम 6 बजे आयोजित किया गया है । संस्था के संचालक धीरज पाल ने बताया कि संस्था में गुरुपूर्णिमा पर्व पूजन 1929 से विधिवत आयोजित हो रहा है जिसके क्रम में संस्था में 95 वा पूजन आयोजित किया गया है। जिसमे संस्था द्वारा सभी स्वयंसेवक ,पदाधिकारी , एवं सिवनी वासियो को आमंत्रित किया गया है। साथ ही संस्था अध्यक्ष श्री प्रसन्न मालू ने बताया कि संस्था में टेवल टेनिस खेल का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जा रहा है गुरुपूर्णिमा पर्व पर टेबल टेनिस हॉल का उद्धघाटन उपस्थित वरिष्ठ स्वयं सेवक एवं पदाधिकारीयो के द्वारा किया जायेगा। साथ ही अध्यक्ष ने बताया कि संस्था में निशुल्क जिम्नास्टिक, बॉक्सिंग, वुशु, जिम इत्यादि खेलो का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसमे साथ ही अब सिवनी के खिलाड़ियो को निशुल्क टेवल टेनिस खेल का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा।

# गायत्री शक्तिपीठ केवलारी में चल रहे 5 दिवसीय प्राकृतिक उपचार एवं आहार शिविर प्रशिक्षण का हुआ भव्य समापन

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** उत्तर प्रदेश के आगरा के आंवलखेड़ा से आये हुए प्राकृतिक चिकित्सकों के द्वारा 63 शिविरार्थीयों का हुआ बिना किसी ओषधि, के प्राकृतिक उपचार, सभी ने सीखे जीवन शैली जीने का सही ढंग।गायत्री परिवार केवलारी द्वारा केवलारी ब्लॉक केवलारी इतिहास में प्रथम बार किये गए, 13 जुलाई से प्राकृतिक के पांच तत्वों से किये जाने वाले उपचार शिविर का समापन आयोजन आज 18 जुलाई को केवलारी के विशेष गणमान्य एवं शिविरार्थियों के सम्बन्धियों, परिचितों आमंत्रित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम महामंत्र गायत्री मंत्र के दिव्य सामूहिक नाद के साथ एवं चिकित्सा विशेषज्ञ व अतिथियों द्वारा देव पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

आज की मानव जीवन शैली ऐसी हो गई है कि प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी शारीरिक मानसिक, रोग, दर्द या दुःख से पीड़ति है। वह हर सम्भव प्रयास करता है कि उसे इसका स्थाई सस्ता, एवं सुलभ उपाय मिल जाये। आज एलोपैथी से ततकाल समाधान तो मिलता है साइड इफ़ेक्ट के रूप में 5 और बीमारियों की चपेट में आ जाता है।

ऐसे में प्रकृति ही इसका एक मात्र स्थाई, सटीक , और सर्वशुलभ उपाय है। जो हमारे ऋषयों की महती खोज है। डॉ जितेंद्र सिंह प्रज्ञेय ने बतलाया कि आज बड़े बड़े शहरों, दिल्ली, हरिद्वार ,बेंगलोर, लखनऊ, या केरल आदि में यह चिकित्सा उपलब्ध तो है किंतु यह व्यवसायीकरण से बहुत मेहँगी और स्थान विशेष पर ही मिलती है। जिससे समाज के आर्थिक रूप से पिछड़ा समाज तक नही पहुंच पाती, न ही उन्हें इसके प्रति जागरूकता ही नही है। जिसके करण अनेक लोग अपना जीवन नरक हो जाता है, ऐसे में गायत्री परिवार के स्वास्थ्य आंदोलन, के अंतर्गत समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी स्वास्थ्य रहने का पूरा अधिकार है। इस हेतु पूरे भारत में शक्तिपीठों एवं सामुदायिक भवनों में यह प्राकृतिक उपचार एवम आहार शिविर के आयोजन किया जाता है।

केवलारी में भी गायत्री परिवार द्वारा 5 दिवसीय सशिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ में किया गया। जिसमें 61 शिविरार्थियों (भाई - बहनों ) ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमे प्रथम दिन सभी का चिकिस्ता परीक्षण, बीपी, शुगर, वजन, बीमारी, जिसके लिए दवाएं चल रही है आदि सभी का विवरण एक फॉर्म में लिया जाता है, जिसकी पुनर्परीक्षण /काउंसलिंग अंतिम किया जाता है, एवं निष्कर्ष पर अंतिम रिपोर्ट एवं आगे क्या करना, क्या खाना नही खाना आदि आदि प्राकृतिक के साथ तालमेल से जीवन निरोगी हो जायेगा। उपचार के रूप में योग, ध्यान, स्टीम थैरेपी, हॉट फूट बाथ, औषधि एनिमा, हॉट वाटर बेग थेरेपी, मिट्टी - पट्टी, अमृत पेय, गर्म ठंडी पट्टी, फुट पेच, नस्य थेरेपी, कुंजल, जल नैती, रबार नैती, कटी स्नान, ठंडा, गरम , धूप स्नान, मढ थैरेपी, आहार चिकित्सा, एक्यूप्रेशर चिकित्सा, और थॉट थैरेपी व्हॉट्स, मालिश, विशेष गरोगों हेतु विशेष प्रयोग, आदि का उपचार एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सभी ने अंतिम दिन समापन समारोह प्रज्ञा गीत श्री अमरचंद साहू जी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया इस अंतिम दिवस कार्यक्रम में सभी ने अपने अपने शरीर मे हुए लाभ के अनुभव सभी के सम्मुख मंच से साझा किया। किसी को असहनीय दर्द, मोटापा, माइग्रेन, बजन काम किया 2 ाह से 5 ाह तक, कम कर अपने आपको स्वस्थ महसूस बतलाया। अनुभूति क्रम के बाद दीप यज्ञ के माध्यम से लगभग 12 भाई बहनों का जन्मदिन मनाया गया। सभी को जीवन का महत्व, परमपूज्य गुरुदेव के मिशन को सभी को समझया गया, समाज को वर्तमान सभी स्वास्थ सम्बन्धी चुनोतियाँ से लड़ने हेतु तैयारी आदरणीय डॉ प्रज्ञेय जी द्वारा बतलाया गया।

विशेष सहयोगी, श्री गणेश लाल झारिया, श्री बालगोविंद पाठक, श्री संतोष नागोत्रा, श्री घेवरचंद अवधिया, श्री गणेश पंचेश्वर, श्री रफीक खान, समस्त योग परिवार, श्री सीताराम परिवार केवलारी के द्वारा अनन्य सहयोग प्राप्त हुआ जिससे गायत्री परिवार इस शिविर का आयोजन कर सका, समस्त शिविरार्थी, मीडिया, नगरवासी, सभी कार्यकर्ताओं, भाइयों, मात्र शक्तियों, बच्चों जिन्होंने इस शिविर के सफलता लिए जी जान लगा दिया सभी का गायत्री परिवार केवलारी कोटि कोटि धन्यवाद करता है।

# समावेशी शिक्षा हेतु शिक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी आई ई डी एस एस जिला सिवनी समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन का समावेशी शिक्षा पर सामान्य शिक्षकों का दो दिवसीय उन्मुखीकरण (दो चरणों)प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे के मार्गदर्शन मे किया गया कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा से सहायक संचालक आर.पी.पाटिल एवं विपनेश जैन ए.पी.सी .,सहायक नोडल श्री गजेंद्र बघेल ,जनशिक्षक मुकेश नेमा एवम समस्त मास्टर ट्रेनरों की उपस्थिति में किया गया प्रशिक्षण में जिले के हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षकों ने अपनी सहभागिता की!

मास्टर ट्रेनर कैलाश रैकवार ने समावेशी शिक्षा के बारे में साविस्तार समझाया मास्टर ट्रेनर जी.पी.चंदेल ने आरपीडब्ल्यूडी एक्ट एवं आरपीडब्ल्यूडी एक्ट में प्रदर्शित 21 प्रकार की दिव्यांगता के बारे में सब विस्तार से समझाया लंच के बाद मास्टर ट्रेनर श्री मति गीता अमरोदिया मैडम श्रीमती कमलेश साहू श्रीमती मनीषा पांडे एवं श्री सचिन पगारे के द्वारा दिव्यांग जनों के लिए प्रदान किए गए अधिनियम एवं कानून के बारे में अपनी प्रस्तुति दी ,अंतिम में ओ.पी.कावड़े जनपद शिक्षा केंद्र कुरई ने शिक्षण सहायक सामग्री शाला प्रबंधन और टीएल एम किट के बारे में सविस्तार से बताया।

सहायक संचालक श्री आर आर मेहता के द्वारा समावेशी शिक्षा की आवश्यकता पर शिक्षकों से चर्चा की गई। विपनेश जैन एडीपीसी ने प्रशिक्षक साथियों से फीडबैक लिया! प्रशिक्षण के समापन पर सहायक संचालक श्री आर पी पाटिल ने शिक्षकों को समावेशी के लिये महत्वपूर्ण सुझाव/मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समस्त एम टी के द्वारा सफलता पूर्वक समावेशी शिक्षा पर अपनी बात पीपीटी के माध्यम से बताइ गई। समापन पर सहायक नोडल गजेंद्र बघेल के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत गुरूकुल प्रांगण में हुआ वृक्षारोपण

### धरती मां एवं अपनी मां से प्रेम के प्रतीक स्वरूप एक पेड़ अवश्य लगायें- नरेश सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरघाट।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल ''एक पेड़ मां के नाम'' का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से दिल्ली में पीपल का पेड़ लगाकर किया गया। इस अभियान का लक्ष्य मार्च 2024 तक 1 करोड़ 40 वृक्षारोपण का है। इसी तारम्य में मध्यप्रदेश में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा इंदौर में 11 लाख पौधारोपण कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया गया।

ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन (समाजसेवी संगठन) के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु आयोजित कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत द्वारा बच्चों, शिक्षकों एवं समस्त देशवासियों को धरती मां व अपनी मां से प्रेम के प्रतीक स्वरूप एक पेड़ लगाने का आव्हान किया गया। इस सवसर पर विद्यालय के प्रत्येक शिक्षक एवं विद्यार्थी द्वारा एक-एक पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत, सह प्राचार्य नितेश गौतम, प्रधानाध्यापिका नाहिद खान, पालक शिक्षक संघ से अनिरुद्ध तिवारी, निशाद खान तथा विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणजनों के लिए पुलिस अधीक्षक ने अयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना लखनवाड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जाम में स्थित निर्मला देवी हायर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल में नवीन आपराधिक कानून, गौ वंश के परिवहन, गौ वंश हत्या, गौवंश सरंक्षण अधिनियम संबंधित अपराधों, यातायात नियमों की जानकारी, महिला संबंधी अपराधों एवं ऑनलाईन फॉड, ऑनलाईन ठगी, फर्जी फेसबुक आईडी, व्हाट्सएप आईडी, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले सायबर अपराधों के विषय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणजनों को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यकम पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यकम समाप्ति के उपरांत पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल संस्था प्राचार्य ने अधिकारियों के समक्ष रखा अपना पक्ष

**बरघाट। शिकायतकर्त्ता का पक्षः-** नगर में कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक समस्त संकाय में संचालित गुरूकुल पब्लिक स्कूल की कक्षा पहली में अध्ययनरत छात्र त्रंशाक ठाकरे के पिता रमेश ठाकरे के माननीय कलेक्टर महोदया, जिला-सिवनी को प्रस्तुत आवेदन में लेख किया गया है पुत्र त्रशांक ठाकरे जो कि हाथ व पैरों से दिव्यांग है वह पिछले 02 वर्षों से हमारी शाला गुरूकुल पब्लिक स्कूल, बरघाट में अध्ययनरत है। वर्तमान में कक्षा 01 में दर्ज है एवं इनके द्वारा वर्तमान सत्र 2024-25 की शुल्क भी जमा की जा चुकी है। दिनॉक 02/07/2024 को आपके द्वारा सूचना दी गयी कि बच्चों की कक्षा अब भवन के प्रथम तल पर संचालित होगी, आपका बच्चा दिव्यांग होने होने के कारण पालक स्वयं सोचे अन्यथा स्कूल बदल लेने की सूचना दी गयी। पालक अपने दिव्यांग बच्चे के अग्रिम शैक्षणिक अध्ययन को लेकर चिंतित है। वह अपने पुत्र को आपकी शाला में शैक्षणिक कार्य कराना चाहता है। क्योंकि प्रार्थी की बेटी भी आपकी शाला में अध्ययनरत है। पालक द्वारा गुरूकुल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए समस्या का समाधान करने हेतु आवेदन माननीय कलेक्टर महोदया जी के समक्ष प्रस्तुत किया है।

**संस्था का अपना पक्ष**

शिकायतकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर संस्था प्राचार्य एवं संस्था का पक्ष जाने बिना कुछ समाचार पत्रों द्वारा निराधार बांतों का प्रकाशन किया गया है। संस्था द्वारा उक्त संदर्भ में अपना पक्ष रखा जा रहा है।

त्रशांक ठाकरे की माता श्रीमति अर्चना ठाकरे से संस्था के प्राचार्य द्वारा बच्चे के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं उसके अध्ययन पर चर्चा 02/07/2024 को लगभग 12.30 की गयी थी।

पुलिस थाना बरघाट को प्रस्तुत आवेदन में शिकायतकर्त्ता ने स्वयं से चर्चा होना उल्लेखित किया है, जबकि इस दौरान संस्था में शिकायतकर्त्ता की उपस्थिति नहीं है, जिसे संस्था में लगे कैमरों में स्पष्ट देखा जा सकता है। शिकायतकर्त्ता कलेक्टर महोदया एवं पुलिस थाने को प्रस्तुत आवेदन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की पूर्ण शुल्क जमा कराया जाना उल्लेखित किया गया है, जबकि आज दिनॉक तक संस्था के रिकार्ड में किसी भी प्रकार का शुल्क जमा नहीं कराया गया है।

शिकायतकर्त्ता के कलेक्टर महोदया, जिला शिक्षा अधिकारी महोदय एवं पुलिस थाना बरघाट के समक्ष प्रस्तुत होने पर जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा शिकायतकर्त्ता के समक्ष की दूरभाष पर संस्था के प्राचार्य सें चर्चा कर संतुष्ट कराया गया एवं बच्चों को निरंतर रखे जाने हेतु कहा गया एवं पुलिस थाना बरघाट द्वारा संस्था में उपस्थित होकर प्राचार्य से चर्चा कर शिकायतकर्त्ता को संतुष्ट कराया जाकर बच्चों को नियमित रखे जाने को कहा गया।

बावजूद इसके अपने आवेदन को शिकयतकर्त्ता द्वारा इस निराधार आवेदन को समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया गया। समाचार पत्रों द्वारा संस्था का पक्ष जाने बिना इस आवेदन के आधार पर समाचार का प्रकाशन किया गया, जिससे संस्था प्राचार्य एवं संस्था की छवि धूमिल हुई है।

शिकायतकर्त्ता को उच्च अधिकारियों द्वारा संतुष्ट कराये जाने के बाद भी समाचार पत्रों में प्रकाशन कराया जाना, शुल्क न दिये जाने के बाद भी आवेदन में शुल्क दिये जाने का उल्लेख करना, टी.सी. की कोई चर्चा न होने के उपरांत भी आवेदन में टी.सी. का उल्लेख करना, 02/07/2024 को संस्था में दोनों बच्चों के नियमित होने के उपरांत भी 02/07/2024 को ही प्रस्तुत आवेदन में बच्चों के भविष्य एवं उनकी पढ़ाई की चिंता का उल्लेख करना शिकायतकर्त्ता की सोच एवं नियत पर प्रश्नचिन्ह अंकित करता है। उक्ताशय की निराधार शिकायत पर गुरूकुल पब्लिक स्कूल संस्था प्राचार्य ने अपना अभिमत जिला कलेक्टर महोदया, जिला परियोजना समन्वयक महोदय, विकासखंड स्रोत समन्वयक महोदय के समक्ष रखा गया।

# मातृधाम रेलवे स्टेशन की समस्या को लेकर किसान संघर्ष समिति ने डीआरएम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल नागपुर को ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मातृधाम रेलवे स्टापेज की जन हितार्थ समस्याओं को लेकर 18 -7-2024 को डी आर एम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल नागपूर को 5 सूत्रीय मांग किसान संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव डॉ राजकुमार सनोडिया एवं ठेकेदार तुलसीराम पटेल नागपुर के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौप कर समस्याओं से अवगत कराया साथ ही आगामी 5 अगस्त को मातृधाम स्टापेज मे होने वाले कार्यक्रम के संदर्भ में भी अपनी बात रखी।

**यह प्रमुख मांगे**

1-मातृधाम रेलवे स्टापेज में पानी की समुचित व्यवस्था की जावे।हेंड पंप है परंतु पानी नही निकलता।

2-स्टापेज में यात्रियों के लिये पानी एवं धूप से बचने के लिये टीन सेड होना चाहिए। 3-स्टापेज से गुजरने वाली सभी सवारी गाड़ियों का हाल्ट होना चाहिए इससे तकरीबन तीन दर्जन से अधिक ग्रमीण किसान एवं नवजवान पढ़ने वाले बच्चों को मातृधाम स्टापेज से बैठकर नागपुर,जबलपुर,भोपाल ,इंदौर को जाने वाला सफर सुलभ हो जायेगा।साथ ही बाहर से आने वाले दर्शनार्थ तीर्थयात्रियों के लिए भी मातृधाम से गुरुधाम दिघोरी मंदिर जो सिवनी जिले के विशेष तीर्थ स्थानों में आता है जो की हमारे ब्रम्हलीन श्री जगदगुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद जी सरस्वती महाराज जी की मातृ एवं पितृ स्थली है इसलिये भी उक्त स्थान का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। 4-उक्त स्टापेज के पास से गुजरने वाला ब्रिज की मुख्य दिवाल से पूरे बारिश भर पानी बहता रहता है जिसके कारण काई एवं कीचड़ बन जाने के कारण अनेकों बार वृद्घ,स्कूली बच्चे,एवं वाहन सवार राहगीर जन घटनाओं के शिकार हो जाते हैं।कृप्या जांच उपरांत उचित पहल की जावे। 5-स्टापेज में गाड़ी पार्किंग हेतु स्थान है परंतु व्यवस्थित ना होने के कारण दो पहिया वाहन सवार लोग स्टापेज के अंदर कुछ , शराबी तत्व के लोग गाड़ी लेकर चले जाते हैं जिसके कारण वहां की टाइल्सें टूटने लगी है।इसलिए ठोस कदम उठाने की कोशिश की जानी चाहिए। 6-विगत 18 वर्षों से 5 अगस्त को किसान संघर्ष समिति के द्वारा मातृधाम स्टापेज की वर्ष गांठ मनाई जा रही है इस बार भी मनाई जायेगी।इस कार्यक्रम में हमारे द्वारा पूर्व में सभी रेल परिचालन कर्ता एवं रेलवे गार्ड महानुभावों का स्वागत सम्मान किया जाता रहा है इस बार भी करेंगे एवं वृक्षारोपड़ भी स्टापेज स्थल में किया जाना है जिसमें आपकी स्वीकृति चाहते हैं इन्ही सब बातों को लेकर ज्ञापन दिया गया।

# बंडोल पुलिस की सक्रियता क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जाने वाले के विरुद्ध की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री जी.डी.शर्मा, एसडीओपी सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. राजेश कुमार दुबे व्दारा थाना क्षैत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है, दिनाँक 17.07.24 को मुखबीर की सूचना तस्दीक करते हुये थाना प्रभारी बंडोल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना स्तर पर टीम का गठन कर मौके की कार्यवाही की गई। जो पाया गया कि जबलपुर से नागपुर की ओर एक लाल रंग के बंद कंटेनर **RJ 11GB**7418 मे गौवंश जानवर भरकर कत्ल खाने नागपुर ले जाने की सूचना को तस्दीक करने तत्काल थाना स्तर पर टीम को साथ लेकर बंडोल बायपास हाईवे पर उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया गया जो पुलिस को देखकर वाहन सिवनी की ओर भागते हुये सोनाडोंगरी ग्राम के पास रोड को जाम करते हुये पकडा गया जिसकी तलाशी ली जाने पर उसमे 60 नग भैस के पडा क्रुरता पूर्वक एक दुसरे से रस्से से बंधे,भरे पाये गये । मौके की कार्यवाही करते हुये वाहन चालक एवं माल मालिक के विरुद्ध अपराध धारा 11घ पशु क्रूरता निवारण अधि0 का कायम किया गया । गिरफ्तार आरोपीः- 1. नसीम खान पिता कमरुद्दीन खान उम्र 30 साल निवासी पचानक थाना हथीन जिला पलवल हरियाणा । 2. फैजल पिता रफीक खान उम्र 22 साल निवासी बरनावा थाना बिनौली जिला बागपत, उ.प्र. जप्तीः- वाहन ट्रक क्र. **RJ 11GB**7418 कीमती 1500000/- रुपये, 60 नग भैस पडा कीमती 315000/- रुपये। सराहनीय कार्यः- थाना प्रभारी बंडोल उपनिरी. राजेश कुमार दुबे, सउनि जसवंतसिंह ठाकुर, अशोक सेन, मायाराम धुर्वे, प्र.आर. अमरलाल, आर0 नीरज राजपूत, राकेश मार्को, नितेश धुर्वे, सतीश पाल, आतिश राहंगडाले, सैनिक दशाराम भलावी, पायलेट विकाश शर्मा ।

# किशोर भारती, कन्याभारती का शपथ ग्रहण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरस्वती शिशु/उ.मा.वि.भैरोगंज सिवनी के भैया बहिनों में से शिशु भारती, कन्या भारती के पदाधिकारियों का चयन आचार्य परिवार द्वारा किया गया। चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 20 जुलाई 2024 को विद्यालय के अम्बेडकर सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह, विद्यालय के पूर्व छात्र श्री मनोज अग्रवाल के मुख्य अतिथ्य में एवं विद्यालय प्राचार्य श्री ओमप्रकाश यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। श्री मनोज जी अग्रवाल द्वारा चयनित भैया/बहिनों को पद के दायित्व पूर्ति की शपथ दिलाई गई।

अपने उदबोधन में उन्होनें कहा कि पद से दायित्व अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसलिए हमें दायित्व पूर्ति के प्रति सजग रहना चाहिए। किशोर भारती एवं कन्या भारती के निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमुख चैतन्य सिहारे एवं बहिन स्वर्णिमा सोनी, याशा कुल्हाडे, कीर्तन साहू, महिमा देशमुख, वंशिका निर्मलकर आदि ने पदाधिकारियों के रूप में शपथ ग्रहण की उन्होने विश्वास दिलाया कि कर्तव्य पूर्ति में हम खरें उतरेंगे। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रकाश गुप्ता एवं अतिथि का स्वागत श्री अर्जुन बघेल द्वारा किया गया।

### धूमा में हुआ सांसद कुलस्ते का आगमन

**सिवनी।** धूमा में साहू समाज के द्वारा प्रस्तावित मां कर्मा देवी के नाम से मुक्ति धाम में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम एवं भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्य समिति की बैठक में मंडला संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद कुलस्ते तेलगानी संघ एवं साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष रवीकरण साहू जी का धूमा आगमन हुआ इस अवसर पर क्षेत्र साहू समाज एवं मंडल क्षेत्र से आए हुए प्रमुख कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए माननीय क्षेत्रीय सांसद ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया एवं माननीय मोदी जी द्वारा केंद्र की योजनाओं का बखान करते हुए अपने कार्यकर्ताओं को जानकारी दी क्षेत्र में स्वीकृत समस्त बड़ी परियोजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए सरकार की जनहितकारी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र दिया।

## तीन शुभ योग में मनेगी गुरु पूर्णिमा

# पूजा से मिलेगा अश्वमेध यज्ञ का फल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

पंचाग के अनुसार गुरु पूर्णिमा आज 21 जुलाई रविवार मनायेगी जायेगी। यह पर्व, प्रीति योग, अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जाएगा। इस दिन गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए गुरु पूजन के कार्यक्रम होंगे। इस दिन गंगा स्नान और दान पुण्य का भी बड़ा महत्व है।

### गुरु पूर्णिमा का महत्व

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान और श्रीहरि विष्णु की विधिवत पूजा विष्णु सहस्त्रनाम, पुरुष सूक्त का पाठ, ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। भविष्य पुराण के अनुसार आषाढ़ पूर्णिमा को विधिवत शिव की पूजा-अर्चना करने से सहस्त्र अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य और विष्णु लोक की प्राप्ति होती है। ऋषि पाराशर और देवी सत्यवती के यहां पुत्र के रूप में वेद व्यास का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था। भगवान गणेश के कहने पर उन्होंने महाभारत महाकाव्य की रचना की। इस दिन को वेद व्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के मौके पर जहां साईं बाबा की पालकी निकलेगी वहीं जगह-जगह चरण पादुका पूजन के साथ ही सामूहिक दीक्षा के कार्यक्रम भी होंगे।

### गुरु पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त

सुबह का मुहूर्तः सुबह 05:16 से 07:14 बजे तक (गंगा स्नान)
दोपहर का मुहूर्तः सुबह 11:15 से 1:23 बजे तक
शाम का मुहूर्तः शाम 6:16 से 7:55 बजे तक गुरु पूजन किया जा सकता है।
प्रीति योगः पूर्णिमा से अगले दिन 22 जुलाई शाम 5.58 बजे तक
सर्वार्थ सिद्धि योगः 21 जुलाई को सुबह 05:46 बजे से 22 जुलाई को सुबह 12:14 (रात में) बजे तक
अमृत योगः 21 जुलाई को शाम 6.40 बजे तक

### गुरु पूर्णिमा पर पूजा विधि

सुबह सूर्योदय से पहले उठें और स्नान करें, इसके बाद स्वच्छ वस्त्र पहनें और पूजा स्थान को साफ करें।
भगवान वेद व्यास और अपने गुरु की प्रतिमा स्थापित करें और दीप प्रज्ज्वलित करें, धूप-बत्ती लगाएं।
फूल, फल और मिठाई अर्पित करें और गुरु मंत्रों का जाप करें। इसके साथ ही गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। गुरु पूर्णिमा के दिन दान करना भी अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। गरीबों, ब्राह्मणों या किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को दान दिया जा सकता है।

## सरपंच संघ के अध्यक्ष वैभव ने कहा, 23 को करेंगे मुख्यमंत्री निवास का घेराव

# मनरेगा में प्रदेश सरकार के निर्णय के खिलाफ लामबंद सरपंच संघ









हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

1 जुलाई को मनरेगा में प्रदेश सरकार ने मटेरियल संबंधी कार्यों पर रोक लगा दी है, जिससे सरपंचों में नाराजगी देखी जा रही है। सरपंच इसे प्रदेश सरकार का पंचायतों के लिए काला कानून और मजदूर विरोधी कह रहे हैं। जिस आदेश को वापस लेने की मांग सरपंच कर रहे हैं। जिसको लेकर सरपंच संघ ने आगामी 23 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास के घेराव का कार्यक्रम तय किया है।

शनिवार दोपहर 3 बजे, जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार के आतिथ्य और सरपंच संघ अध्यक्ष वैभव सिंह बिसेन की अध्यक्षता में सरपंच संघ की बैठक आहूत की गई। बैठक में सरपंच संघ पदाधिकारी, जनपद सदस्य और जिले की 6 सौ से ज्यादा पंचायतों के सरपंच मौजूद थे।

सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभव सिंह बिसेन ने कहा कि मनरेगा को लेकर सरकार अपना काला कानून वापस ले, अन्यथा पंचायतों में तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को मनरेगा संबंधी कार्यों पर मटेरियल सामग्री संबंधी सभी काम समाप्त करने का जो आदेश पारित किया गया है, वह काला कानून है। जिस आदेश के खिलाफ पंचायत सरपंच ने तय किया है कि यदि सरकार यह आदेश वापस नहीं लेती है आगामी 23 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। जिसके बाद भी सरकार ने आदेश वापस नहीं लिया तो पंचायतों में तालाबंदी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में मनरेगा को लेकर सरकार के आदेश सहित रेत के आसमान छूते दाम, पंचायतों के संचालन में आ रही समस्याओं को लेकर, प्रधानमंत्री और लाड़ली बहना आवास, पंचायत सरपंचों के मानदेय सहित अन्य विषयों रखे गए। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष से मामले को भोपाल में उठाकर इसके निराकरण की मांग की गई।

मीडिय से चर्चा के दौरान जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन से सवाल किया गया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने आदेश जारी किया हैं, सडकों पर घूम रहे आवारा पशु तथा लावारिस कुत्तों पर स्थानीय सरकार नकेल कसे, इस पर सरपंच संघ अध्यक्ष का कहना हैं कि वरिष्ठ नेताओं को आगे आ कर आवारा पशुओं तथा कुत्तों को पकडने की कार्यवाही करनी चाहियें।

## खबर संक्षेप

### प्रोडेक्शन वारंट पर तिरोड़ी पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**कटंगी।** महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम, 1999 यानी मकोका के तहत महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर की केन्द्रीय जेल में सजा काट रहे कैदी को प्रोडेक्शन वारंट जारी करवाकर तिरोड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय व्यवहार न्यायायल कटंगी के समक्ष पेश किया. आरोपी इमराम आलम को नागपुर पुलिस तिरोड़ी लेकर आई थी. जिसके बाद तिरोड़ी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और फिर न्यायालयीन कार्रवाई पूरी होने के बाद नागपुर जेल पहुंचा दिया है. बता दें कि तिरोड़ी थाने में 45 वर्षीय आरोपी इमरान आलम निवासी वार्ड क्रमांक 03 ईदगाह के पास परासिया जिला छिंदवाड़ा के खिलाफ वर्ष 2022 में धारा 399, 402, और 25, 27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया था आरोपी फरार था. तिरोड़ी पुलिस ने मामले की जांच के लिए प्रोडेक्शन वारंट जारी करवाया था. जिसके बाद आरोपी को नागपुर पुलिस लेकर पहुंची थी. आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद तिरोड़ी पुलिस ने आरोपी को पुनः केन्द्रीय जेल नागपुर छोड़ दिया है।

### जिला कृषि विस्तार अधिकारी संघ की बैठक सम्पन्न

**वारासिवनी।** जिला कृषि विस्तार अधिकारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक बालाघाट में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष दिलेश खंडेलकर, प्रांतीय प्रतिनिधि प्रभात भालेराव, संरक्षक एम के जुझार, संरक्षक राजेश्वर पाटिल, सचिव ज्ञानेंद्र डोंगरे, कोषाध्यक्ष मिलिंद देशभरतार एवम् ब्लॉक से आये हुए समस्त अध्यक्ष व पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान आय, व्यय का लेखा, जोखा, संघ की प्रमुख मांगों पर चर्चा के साथ ही अन्य विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई। इसके साथ ही 26 जुलाई को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने हेतु एजेंडा तैयार किया गया।

### जिले में अब तक 13 इंच से अधिक हुई वर्षा

**बालाघाट ।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 339.5 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक 13 इंच से अधिक वर्षा हो चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा परसवाड़ा तहसील में 21 इंच करीब यानी 526.7 मिमी हुई है।

#### तानाशाह हुए शिक्षक रमेश टेंभरे

## भगवान भरोसे मौरिया स्कूल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

माध्यमिक पाठशाला मौरिया जो कि लामता अंतर्गत आता हैं, यहां पदस्थ शिक्षक रमेश टेंभरे अक्सर अनुपस्थित पायें जाते हैं। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि ढूटी से मौरिया अक्सर मासाब औपचारिक रूप से एक घंटा कभी दो घंटा उपस्थित रहकर अपनी वेतन बना लेते हैं। स्टाप की कमी के चलते छात्र - छात्राओं की पढाई भगवान भरोसे हो गई हैं। ग्रामीणों ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि पूर्व में भी इनकी शिकायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई हैं। परन्तु शिक्षक रमेश टेंभरे में अपने कर्तव्य के प्रति कोई सुधार नहीं आ रहा हैं। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की हैं। उपरोक्त शिक्षक का अन्यत्र स्थानांतरण किया जायें।



रमेश टेंभरे, शिक्षक

### इनका कहना हैं

उपरोक्त शिक्षक के संबंध में पूर्व में भी घोर लापरवाही की जानकारी प्राप्त हुई थी, जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**दशरथ गौतम**
**बी.आर.सी. बालाघाट**

## कृषि विभाग की बैठक में जनपद सदस्यों ने उठाया मुद्दा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में खरीफ सीजन में फसल की बुआई का काम शुरू है। ऐसे में किसानों को खेतों में डालने के लिए उर्वरक और बीज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। किसानों को उर्वरक और बीज की आ रही समस्याओं को लेकर कृषि विभाग की बैठक में जनपद सदस्यों ने यह मुद्दा उठाया।



यही नहीं बल्कि सब्जियों की पैदावार के लिए मिलने वाले मुफ्त बीज भी किसानों को नहीं मिलने की बात जनपद सदस्यों ने कही। 19 जुलाई को विकासखंड कृषि विभाग कार्यालय में जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे और जनपद कृषि समिति ने कृषि अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक दोपहर से शाम तक चली। इस दौरान किसान को कृषि विभाग से मिलने वाले डीएपी खाद, यूरिया और कीटनाशक के लिए किसानों को हो रही परेशानियों को जनपद सदस्यों ने अधिकारियों के सामने रखा। जनपद सदस्य भुरू पटेल ने किसानों को हो रही समस्या पर सरकार को घेरते हुए अधिकारियों के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वरक ना भेजकर सरकार किसानों के साथ छल-कपट कर रही है।बैठक में कृषि सभापति सुवेता राणे, भुरू पटेल, सरिता पांचे, महेश मोहारे, भुवनेश्वर रजक, कुलदीप निकोसे के साथ ही कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दीपा टेंभरे और कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे। सदस्यों का कहना था कि कृषि विभाग से किसानों को मिलने वाली डीएपी खाद, बीज और कीटनाशक नहीं मिलने से किसान महंगे दाम पर उर्वरक खरीदने को मजबूर हैं।

जनपद अध्यक्ष फुलचंद सहारे ने कहा कि किसानों की समस्या को लेकर हमने कृषि अधिकारियों के साथ बैठक की है और कहा कि मैदानी स्तर की कार्ययोजना पर काम करें और किसानों तक पहुंचा जाए। बीज की सही जानकारी मिले और ऑनलाइन समस्या आने पर उसका समाधान जल्दी से किया जाए। अधिकांश किसान ऑनलाइन प्रक्रिया से अनजान है। इस वजह से उन्हें भी परेशानी होती है। जिसका समाधान करना कृषि अधिकारियों का काम है।

## किसान की करंट से मौत




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के भरवेली थाना क्षेत्र अंतर्गत अमेड़ा में किसान की खेत में बिजली करंट से मौत हो गई। घटना शनिवार की है जब किसान 55 वर्षीय उदल पिता मानिक बिसेन, खेत में मोटर पंप शुरू करने गया था। वहां गिरे बिजली के तार के करंट में आने से उसकी खेत में ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार जिस बिजली के तार के करंट में आने से किसान उदल की मौत हुई है। वह बिजली का तार उसी के खेत में ली गई बिजली कनेक्शन का था। हालांकि यह तार टूटकर कैसे गिरा, यह संदेहास्पद है। संभावना जताई जा रही है कि बंदर के कूदने से बिजली तार टूटकर गिर गया होगा। जिस पर किसान का ध्यान नहीं गया और उसकी खेत में गिरे बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई।

थाना प्रभारी हेमंत शर्मा ने बताया कि अमेड़ा में किसान उदल की खेत में बिजली करंट से मौत हुई है। जानकारी के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव बरामद किया और शव का पीएम कराया।मामले में मर्ग कायम किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है।

## प्राथमिक शिक्षकों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने के आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विकासखंड अधिकारी द्वारा ग्राम शेरपार के प्राथमिक शाला का गत माह औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के प्राथमिक शिक्षक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। साथ ही यह भी संज्ञान में आया की शाला के कुछ शिक्षक अनियमित रूप से शाला में उपस्थित होते है वहीं इनके द्वारा बच्चों को डराया धमकाया भी जाता है। इस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अब उनके द्वारा जवाब प्रस्तुत करने के बाद। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने प्राथमिक शिक्षक भूपेश शरणागत शाप्राशा शेरपार (संकुल शाउमावि डोंगरिया) की एक वार्षिक वेतनवृद्धि तथा श्री खेमराज ठाकरे प्रभारी जनशिक्षक (प्राथमिक शिक्षक) की 02 वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने के आदेश जारी किए गए है। वहीं एक प्रकरण शाप्राशा टिकरिया का भी सामने आया है जिसमे शाला में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्री रूपेंद्र रावते द्वारा स्कूली कार्यो में नियमित रूप से अनियमितता बरती जा रही है। जांच के लिए जनजातीय कार्य विभाग के मंडल संयोजक को निर्देशित किया गया था। जांच उपरांत ज्ञात हुआ कि प्राथमिक शिक्षक रावते 01 जून से निरंतर शाला में अनुपस्थित है। साथ ही विगत शैक्षणिक सत्र 2023 में भी इनका शाला में अनियमित रूप से उपस्थित होना पाया गया। समस्त तथ्यों को संज्ञान में लेकर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्राथमिक शिक्षक रूपेंद्र रावते की एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश जारी किए है।



## कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोज कुमार तिवारी द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। न

इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकायें कु0 भूमिका सोनकुसरे एवं कु0 श्रुति गौतम द्वारा माँ सरस्वती की वंदना का गायन किया गया। तत्पश्चात स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथियों का पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। विधिक साक्षरता शिविर के दौरान उद्बोधन में न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा नये एवं पुराने महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी देते हुए अपराधों की वृद्धि में मोबाईल की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को मोबाईल का सदुपयोग करके आपराधिक प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त नया मोटर व्हीकल एक्ट एवं लैगिंग अपराध पर प्रकाश डालते हुए अन्य अपराधों तथा उन पर की जाने वाली दंडात्मक कार्यवाही के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर स्कूल संचालक एवं प्राचार्य निरंजन बिसेन ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं से मोबाईल के दुरूपयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोबाईल का सदुपयोग करोगें, तो वरदान सिद्ध होगा, नहीं तो अभिशाप होगा।

शिविर का मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन स्कूल संचालक एवं प्राचार्य निरंजन बिसेन द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं का विशेष योगदान रहा।

### नवरंग आरंभ टीम ने किया पौधारोपण

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, भाजपा महामंत्री मौसम बिसेन हरिनखेड़े, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमा वाधवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, फल सब्जी विक्रेता संघ अध्यक्ष राकेश सेवईवार, स्कूल प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अलका धुवे, ऐश्वर्य कम्प्युटर संचालक छविंद्र सानेकर और वार्ड के गणमान्य नागरिक,माताएं, बहने एवं बच्चे उपस्थित थ।

## सिवनी के दलाल से होती थी नकली खाद की सप्लाई, पुलिस ने पकड़ा, 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले कृषि केंद्र विकेताओं, सप्लायर और दलालों पर पुलिस शिकंजा कसते जा रही है। जिले के कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई में वारासिवनी क्षेत्र में नकली खाद, बीज और कीटनाशक दवा मामले के खुलासे के बाद वारासिवनी पुलिस ने अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार शाम पुलिस ने खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं की कंपनियों के माध्यम से विक्रेताओं तक दलाली करने वाले आरोपी सिवनी निवासी जमील अंसारी को गिरफ्तार किया है।

### आरोपी से पूछताछ में दलाल की मिली जानकारी

नकली खाद, बीज और कीटनाशक दवा मामले में गिरफ्तार किए गए एग्रीजोन संचालक अजय कटरे से पूछताछ में यह जानकारी मिली थी कि सिवनी निवासी जमील अंसारी ने खाद की सप्लाई की थी। चूंकि आरोपी जमील अंसारी भी जानता था कि आरोपी अजय कटरे और उसके साथी, कंपनियों से मंगाई गई खाद, बीज और कीटनाशक दवा को ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बेचकर धोखाधड़ी कर रहे है। जिसके चलते पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में वारासिवनी पुलिस किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले गिरोह की अंतिम कड़ी तक पहुंचने में जुटी है, ताकि किसानों से खाद, बीज और कीटनाशक दवा के नाम से धोखाधड़ी करने वालो को सबक मिल सके।

मामले में पुलिस ने वारासिवनी पुलिस ने थाना में दर्ज पहले मामले में आरोपी रमेश अजीत और विनय बिसेन और दूसरे मामले में अजय कटरे और जमील अंसारी को 24 तक पुलिस रिमांड में लिया है। पुलिस को उम्मीद है कि इस मामले में आरोपियों से पूछताछ में और भी महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है।

### आरोपियों से मिली थी नकली खाद, बीज और कीटनाशक दवा

कृषि विभाग और वारासिवनी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जिले में किसानों को ब्रांडेड कंपनी के नाम से सस्ती नकली खाद, बीज और कीटनाशक दवा बेचने के मामले को पता चला था। जिसके बाद कृषि विभाग और पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो जगह पर दबिश दी थी। जहां से पुलिस को बड़ी मात्रा में ब्रांडेड कंपनी इफको और अन्य कंपनी की बोरी और सस्ती नकली खाद की बोरियां, बीज और कीटनाशक दवा मिली थी।

मामले में 13 जुलाई को कृषि विभाग के अधिकारी की शिकायत पर वारासिवनी पुलिस ने उर्वरक निर्माण कंपनी देवास के साथ ही सिद्धि विनायक कृषि केंद्र वारासिवनी के संचालक दीक्षांत जैतवार, मुनेश्वर चौहान और अजित रमेश के खिलाफ एफआईआर कराई गई थी।

जबकि 14 जुलाई को जिले के किसानों को नकली खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं को ब्रांडेड कंपनी के नाम से बेचकर धोखाधड़ी करने वाले एग्रीजोन कृषि केन्द्र संचालक नरोड़ी निवासी अजय कटरे, खरखड़ी निवासी पौरूष भगत और जुबिलेंट एग्री एंड कंजुमर प्रालि सिंहपुर राजस्थान व बायो फर्टिलाईजर्स परमालकसा राजनांदगांव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### अब तक 7 आरोपी गिरफ्तार

वारासिवनी पुलिस ने दर्ज दो अपराध में 54 वर्षीय रमेश अजीत, 24 वर्षीय दीक्षांत जैतवार, 35 वर्षीय कोस्ते निवासी मुवनेश्वर चौहान, 33 वर्षीय विनय बिसेन, 32 वर्षीय कटरे, 27 वर्षीय पौरूष भगत और सिवनी निवासी दलाल जमील अंसारी को गिरफ्तार किया है।

### जमील पहुंचाया करता था कृषि उत्पाद विक्रेताओं को कंपनियों की खाद

वारासिवनी थाना प्रभारी बीभेन्दु व्यंकट टांडिया ने बताया कि नकली खाद, बीज और कीटनाशक मामले में सिवनी निवासी जमील अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके माध्यम से बालाघाट में कृषि उत्पाद पहुंचाया गया था। इस मामले में दर्ज दो केस में चार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

